## एक नजर में

### मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की

**पड़ाना 11 सितम्बर, सं.** कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को स्कूटी प्रमाण पत्र कार्यक्रम में सांदीपनी हाई स्कूल मऊ में स्कूटी लाइव प्रसारण के तहत कक्षा 12वीं में परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र निशा राजपूत एवं आशीष गुर्जर को स्कूटी प्रमाण पत्र एवं बधाई पत्र दिया गया. यह उपलब्धि न केवल छात्र की मेहनत को दर्शाती है. बल्कि उनके परिवार और समुदाय के लिए भी गर्व का क्षण है. जो अगले कदम की योजना एवं आगे की केरियर को मजबूत बनाने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी. इस मौके पर विद्यालय परिवार सहित जनप्रतिनिधीगण व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे.

### भागवत श्रवण से पुण्य की प्राप्ति

**जीरापुर 11 सितम्बर, सं.** नगर के अटल चौक में सोनी समाज महिला मण्डल द्वारा आयोजित भागवत कथा में पं. अनुराग जी शर्मा आचार्य ने बताया कि भागवत माता कि कथा में अनेकों पवित्र कथाओं का वर्णन होता है जिसके श्रवण से भगवान की प्राप्ति होती है. भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सारगर्भित वर्णन कर बताया कि बाल कृष्ण ने बाल लीलाओं में कालिया नाग का संवार किया. राक्षस को मारकर भक्ति मार्ग प्रशस्त किया. पूतना वध याने पूतना नामक राक्षसी का वध किया था, जो उन्हें मारने के लिए आई थी. उनकी माता यशोदा के प्रति उनके प्रेम का वर्णन होता कृष्ण और बलराम का प्रेम और मित्रता. इस अवसर पर अटल चौक में अटल प्रतिमा पर बुधवार को पं अनुराग शर्मा एवं जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण किया. कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त महिला पुरुष शामिल होकर संगीतमय भजनों पर झूमे कर ईश्वर भक्ति में लीन हो रहें.

### रामकथा में शिव पार्वती प्रसंग बताया



**जीरापुर 11 सितम्बर, सं.** नगर के डग रोड़ बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा में कथा वाचक पं. श्याम जी भारद्वाज करनवास वाले ने कथा श्रवण करते हुए बताया कि देवी देवता के कर्म दिव्य होते हैं उनकी दिव्य ज्योति से मनुष्य भवसागर तरह जाता है. गुरू कि महिमा का अपना उच्च स्थान होता है. गुरू क्या करते वह इशारा करके भविष्य के संकेत बताते हैं, जैसे उन्होंने बताया कि पार्वती को शिव भोले बाबा के विवाह के बारे में इशारा किया था. उन्हें शिव शंकर के विवाह पर बता दिया था. भोलेबाबा का व्रत करें पुजा करें. पुर्व जन्म के बुरे से बुरे कर्म भी भगवान के मंत्र से सुधर जायेंगे, हमेशा चाहे घर में रहकर भी भजन कीर्तन सेवा करें. शिव पार्वती प्रसंग पार्वती विवाह आदि को सुनाया. कोई भी माता पिता अपने बेटे बेटी का बुरा नहीं चाहता है. उन्होंने कथा के माध्यम से कहा कि भोलेबाबा ने वह पहना जिससे स्वयं चेन से रहें लेकिन तोड़ने वाला बेचेने रहा उनका आशय कि भगवान के नाम को पहनो तो हमेशा खुशी चेन आराम से रहोगे. सोना पहनेंगे तो सो नहीं पाओगे, इसलिए भगवान के नाम को पहनो. राम कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हो रहे हैं.

# शिक्षक का चरित्र बच्चों के लिए सबसे बड़ी सीख

## बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यक्तित्व विकास को लेकर राज्यमंत्री ने दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

**राजगढ़/सारंगपुर 11 सितम्बर, सं. जिला मुख्यालय पर बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यक्तित्व विकास को लेकर आयोजित बैठक में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल एवं कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गये.**

राज्यमंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि छात्रावासों में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए. छात्रावासों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि बच्चों की प्रतिभा निखर सके. उन्होंने कहा कि शिक्षक का चरित्र और व्यवहार बच्चों के लिए सबसे बड़ी सीख होता है. इसलिए शिक्षकों को प्रेरणादायी बनना चाहिए. उन्होंने निर्देशित किया कि कक्षाओं का नाम देश के वीर योद्धाओं के नाम पर रखे जाए




साथ ही परिसर में स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीरें भी लगाई जाएं.

कलेक्टर डा. मिश्रा ने कहा कि जिन छात्रावासों में पर्याप्त स्थान हो वहां किचन गार्डन विकसित किए जाएं. बच्चों को शुद्ध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वॉटर कूलर की व्यवस्था की जाए. छात्रावासों में स्मार्ट क्लास संचालित की जाए ताकि अवकाश के दिनों में भी छात्र ऑनलाइन क्लास के माध्यम से कुछ नया सीख सके.

### साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे

जनजातीय कार्य विभाग की योजनाओं की जानकारी ली तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संचालित पेयजल योजनाओं और छात्रावासों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की समीक्षा की. कहा कि छात्रावासों में बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जाए, पुराने भवनों की रंगाई–पुताई की जाए तथा सभी छात्रावासों में साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए.

### परीक्षा परिणाम पर सम्मानित

छात्रावासों में निवासरत छात्रों का वर्ष 2025 में वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत देने पर सम्मानित भी किया गया. बालक उत्कृष्ट छात्रावास खिलचीपुर के मेहमूद खान, बालक उत्कृष्ट छात्रावास नरसिंहगढ़ के राजेश नामदेव, बालक उत्कृष्ट छात्रावास राजगढ़ के पंकज सेंगर, कन्या उत्कृष्ट छात्रावास खिलचीपुर की श्रीमति उमा सोनी, कन्या उत्कृष्ट छात्रावास नरसिंहगढ़ की श्रीमति सुनीता भारभटे एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावास राजगढ़ की श्रीमति रेखा मालवीय को सम्मानित किया गया.



# जिले में कब्जे की भूमि छुड़ाने चलेगा विशेष अभियान

पीड़ितों को मिलेगा न्याय और भूमि

नवभारत न्यूज

**राजगढ़, 11 सितम्बर, का. अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1995 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता एवं प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल की उपस्थिति में आयोजित की गई.**

बैठक में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सुश्री निधि भारद्वाज सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती निशा जैन ने कार्ययोजना प्रस्तुत की. इस दौरान लंबित प्रकरणों की समीक्षा, अनुसंधान में प्रगति, खात्मा–खारजी प्रकरण, जाति प्रमाण पत्रों की स्थिति, गवाहों एवं पीड़ितों को यात्रा भत्ता, मजदूरी व भरण–पोषण जैसी सुविधाओं की जानकारी पर चर्चा की गई. साथ ही विशेष न्यायालय में त्वरित निराकरण एवं बरी होने के कारणों की समीक्षा भी की गई.

इस दौरान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री टेटवाल ने कहा कि अत्याचार निवारण के प्रकरणों का विभागीय समन्वय से त्वरित निराकरण किया जाए. साथ ही जिन पीडितों की भूमि पर कब्जा है, उन्हें उनका अधिकार दिलाने विशेष अभियान चलाया जाए एवं सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए कार्यरत व्यक्तियों को 15 अगस्त, 26 जनवरी एवं 2 अक्टूबर को सम्मानित किया जाए. उन्होंने कहा कि समाज में छुआछूत जैसी कुरीतियों को मिटाने हेतु जनजागरूकता आवश्यक है. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि पुराने प्रकरण अगली बैठक से पहले समाप्त करें. साथ ही अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया कि जाति प्रमाण पत्रों की प्रगति रिपोर्ट समय–सीमा बैठक में प्रस्तुत करने के लिए कहा.



# शहर को धूल और गड्ढों भरी सड़क से मिलेगी निजात

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 11 सितम्बर, सं.** नगर के प्रमुख बाजार में शामिल अंबे माता मंदिर से गांधी चौक की सड़कों के साथ साथ शहर के बाजारों की प्रमुख सड़कों की सूरत बदलने के लिए नपाध्यक्ष ने अपना प्लान तैयार कर लिया है. इन सड़कों पर होने वाले डामरीकरण करण से न केवल शहर वासियों को गड्ढों से निजात मिलेगी, बल्कि साथ ही उन्हें सड़कों से उड़ने वाली धूल से भी छुटकारा मिलेगा. नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने बताया कि काली मस्जिद, गांधी चौक, नई सड़क, बाक कुआं टंकी, भेरू दरवाजा, पुरानी सब्जी मंडी सहित नगर की कई सड़कों के डामरीकरण के लिए जल्द ही नपा द्वारा प्राक्कलन डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जाएगी, जिसकी तैयारी परिषद ने शुरू कर दी है.

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि डीपीआर स्वीकृति के बाद पूरे मार्ग पर 4 सेमी डामर की परत दोबारा डाली जाएगी. दुरुस्तीकरण होने से बाजार के किनारे रहने वाले लोगों को धूल से निजात मिली. वहीं जर्जर मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी. बाजार के कपड़ा दुकानदार मुरलीधर सोलंकी, होटल व्यवसाई मुकेश पुष्पद ने बताया कि जर्जर सड़कों के कारण दिनभर दुकान व घर का दरवाजा बंद रखना पड़ता था. दुकान के बाहर दिनभर में धूल की मोटी परत चढ़ जाती थी. जिसे साफ करके परेशान हो जाते थे. सड़क का निर्माण होने से धूल से निजात मिलेगी. साथ ही यहां से गुजरने पर दुर्घटनाओं का डर भी कम हो जाएगा. वरिष्ठ समाज सेवी अनिल बारकिया ने बताया कि नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण तोड़कर सड़कों को चौड़ा किया जाना चाहिए. साथ ही इस पर जल्द निर्माण करा दिया जाए तो लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी. रहवासियों ने बताया नगर पालिका द्वारा नई सड़क, भेरू दरवाजा सड़क मार्ग किनारे का अतिक्रमण हटाने के बाद, यह मार्ग करीब 5 से 6 फीट चौड़ा हो जाएगा. इसके कारण दो बड़े वाहन गुजरने से जाम की स्थिति निर्मित होती थी. वह नहीं होगी. लोगों को आवागमन में सुविधा होगी. बारिश के दिनों में सड़क पर पानी जमा होने से सड़क खराब होती थी. इस समस्या के लिए पानी निकासी के लिए नालियों को चोड़ा किया जाना है. जिससे सड़क लंबे समय तक टिकी रहेगी.

# संक्रमण से घिरी सोयाबीन, कृषि वैज्ञानिकों ने एडवायजरी दी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 11 सितम्बर, का.** जिले में पिछले दिनों हुई भारी एवं लगातार वर्षा से जल भराव के कारण सोयाबीन फसल में एन्थ्रेक्नोज, पोडब्लाइट, पीलामोजेक वायरस एवं लीफ केटर पिलर, फल छेदक आदि कीट एवं बीमारियों के लक्षण दिखाई दे रहे है. जिससे सोयाबीन फसल में काफी नुकसान होने की संभावना के साथ–साथ उत्पादन पर भी विपरित प्रभाव पडेगा. कृषि विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिक डॉ. रूपेन्द्र खाण्डवे, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. लाल सिंह द्वारा सलाह दी गई कि जिन खेतों में सोयाबीन फसल की किस्म जे.एस. 9560 जो कि अधिक गहरी एवं काली मिट्टी में लगी हुई है वहॉ पर सोयाबीन में एन्थ्रेक्नोज एवं पोड ब्लाइट का संक्रमण अधिक दिखाई दे रहा है, जबकि आर.व्ही.एस. 24 एवं आर.व्ही.एस.एम 1135 जातियो में कीट व्याधि एवं बीमारियो का संक्रमण नही के बराबर है. एन्थ्रेक्नोज, पोड ब्लाइट, एरियल ब्लाइट आदि बीमारियो के लिए फफूंदनाशक दवाएं टेबूकोनाजोल 38.39 एससी का 625 मिली. प्रति हैक्टेयर या टेबूकोनाजॉल 10 प्रतिशत, सल्फर 65 प्रतिशत डब्ल्यूजी का 1.25 किग्रा प्रति हैक्टैयर का उपयोग करें.

### दस हजार की आर्थिक सहायता

**राजगढ़ 11 सितम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवेदक पप्पू लोहार को रेडक्रॉस से दस हजार की आर्थिक सहायता प्रदाय की गई. ब्यावरा निवासी पप्पू लोहार ने बताया कि आवेदक की पत्नी की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गई है. आवेदक के पांच बच्चे हैं. आवेदन बहुत गरीब है. आवेदक को बच्चों का पालन पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.



# स्कूटी से स्कूल जाएगी लाली कुशवाह

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा, 11 सितम्बर, सं.** शासकीय कन्या उमावि छापीहेड़ा में स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम शासन की बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत संपन्न हुआ. कार्यक्रम में छात्रा लाली कुशवाह को स्कूटी का स्वीकृति पत्र भेंट किया गया. स्वीकृति पत्र पाकर छात्रा ने हर्ष व्यक्त करते हुए शासन एवं विद्यालय परिवार का आभार माना. इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बालचंद दांगी, सुनील नैनावत, बद्रीलाल रजक, राधेश्याम भामी, श्रीनाथ दांगी, प्रवीण विसालिया, बाबूलाल पाटीदार एवं रामबाबू चौहान उपस्थित रहे. बालचंद दांगी ने कहा कि शासन की यह योजना छात्राओं की शिक्षा यात्रा को सरल और सुरक्षित बनाएगी. बालिकाओं को पढ़ाई के साथ–साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा. साथ ही विद्यालय की स्मार्ट क्लास में बालिकाओं ने भोपाल से मुख्यमंत्री का वर्चुअल कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा. प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया व संचालन गोविंद प्रसाद कारपेंटर ने किया.

# प्रतिभावान छात्रा को स्कूटी का चेक प्रदान किया

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 11 सितम्बर, सं.** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्कूटी वितरण की राशि के प्रमाण पत्र दिया गये. विधायक हजारीलाल दांगी की अध्यक्षता एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम टांक, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, कालुसिंह तोमर, कुशालसिंह मंडलोई, रमेशचंद्र शर्मा के आतिथ्य प्राचार्य विनोद कुमार



चौधरी की उपस्थिति में संपन्न हुआ. विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा छात्रों को सरकारी विद्यालय में मिलने वाले लाभों की जानकारी दी तथा बताया कि शासन हर होनहार छात्र को शिक्षा देने के लिए कृत संकल्पित है तथा समय समय पर छात्रों को पुरस्कृत करता रहता है जहां पर छात्र दीपक पवांर को प्रमाण पत्र दिया. कार्यक्रम में हरिश गुप्ता, ओमप्रकाश सेन, स्काउटर गोर्वधन लाल वर्मा, गोपालकृष्ण वर्मा, गिरीराज गुप्ता रेडीमेड, पवित्रा पाटीदार, ज्योति गुर्जर, बालूसिंह पवांर, सीमा गुप्ता, गोविंद शर्मा, दिलीप टेलर शैलेंद्रसिंह राठौड, गिरिराज गुप्ता, लक्ष्मीनारायण दांगी, सुरेश वर्मा, शिवनाथ दांगी, कुसुमलता गौड़, वैशाली दांगी, अशोक कुमार दांती, सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा.



# विद्यार्थियों को प्रदान की स्कूटी

मेहनत रंग लाई, खुशी से झूमें विद्यार्थी

नवभारत न्यूज


**तलेन 11 सितम्बर, सं.** शासन की स्कूटी योजना के तहत पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलेन की कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा छाया लववंशी एवं संदीप वर्मा को स्कूटी का प्रमाण पत्र नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद यादव पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव के द्वारा प्रदान किए गया. जन प्रतिनिधियों के द्वारा छात्र–छात्राओं को मिलने वाली शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ एवं छात्रवृत्तियों के बारे में विस्तार से बताया गया. विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार पाटीदार के द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं स्कूटी प्राप्त करने वाले विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक का तिलक एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया. कार्यक्रम में स्नेह लता तिवारी, भगवान सिंह लववंशी, अवधेश कुमार यादव, गोरीलाल यादव एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे. संचालन शिक्षक अनिल कुमार यादव एवं आभार विद्यालय प्राचार्य अशोक कुमार पाटीदार के द्वारा किया गया.

# जूना गुजराजी दर्जी समाज की नवीन कार्यकारिणी घोषित, कृष्णकांत अध्यक्ष बनें

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 11 सितम्बर, सं.** जूना गुजराती दर्जी समाज (दामोदर नवयुवक मंडल) द्वारा श्री टेकचंद महाराज की आरती स्थानीय मांगलिक भवन पुरानी सब्जी मंडी में की गई. इसके पश्चात कृष्णकांत को सर्व सम्मति से अध्यक्ष घोषित किया गया एवं जितेंद्र सोलंकी को सचिव पद तथा नवीन सोलंकी को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया. सभी ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम के दौरान शिवनारायण चावड़ा, कन्हैयालाल जी सोलंकी, रमेशचंद सोलंकी, लोकेश जाधव, प्रदीप चौहान, लोकेश सोलंकी, विनय मकोडिया, अनूप परमार, आनंद सोलंकी, गजेंद्र परिहार, परमानंद सोलंकी, जगदीश बाघेला, विकास सोलंकी, महेश सोलंकी, देवनारायण सोलंकी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे एवं अनेक सामाज जन उपस्थित थे.





परंपरा

**पर्यावरण और प्रकृति पर केंद्रित विषय पर विद्वान वक्ताओं, पर्यावरणविदों का हो रहा विचार मंथन में आगमन**

# प्रसिद्ध पर्यावरणविदों के आगमन से श्रोता उत्साहित

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 सितम्बर, का.** 'नवभारत' के 'विचार मंथन' के आयोजन से श्रोताओं का एक ऐसा समूह तैयार हुआ है जिसकी विचारों को सुनने में रूचि जागृत हुई है. ऐसे श्रोता किसी भी स्थिति में विद्वान वक्ताओं के विचारों को सुनने से वंचित नहीं रहना चाहता है. इस वर्ष श्रोताओं में अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है. इसका प्रमुख कारण यह है कि विषय प्रकृति और पर्यावरण का है और व्याख्यान देने वाले वक्ता राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध पर्यावरणविद् है.

नवभारत का यह सतत् 26 वां सौपान जीवन बचाने की एक कवायद का हिस्सा है. इसकी गंभीरता और इसके गूढ़ अर्थ को विद्वान वक्ता समझाएंगे. श्रोताओं को विचारों को सुनने में जो रूचि जागृत हुई है इसका कारण लगातार ढाई दशक से विद्वान वक्ताओं को सुनना है. सामयिक विषयों पर वक्ताओं का लंबा अनुभव और गहन अध्ययन का जो सार निकलकर आता है वह स्थानीय श्रोताओं को अमृत वचन के रूप में मिलता है.

### क्षेत्र के जनप्रतिनिधि का रहेगा विशेष आतिथ्य

'विचार मंथन' का यह आयोजन क्षेत्र के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों के विशेष आतिथ्य में होगा. कार्यक्रम में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार द्वय सर्व श्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, विधायकगण मोहन शर्मा, हजारीलाल दांगी, अमरसिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, जिला इंकाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर शामिल होंगे. जबकि 'काव्य निशा' का आयोजन रात्रि 8 बजे होगा जिसमें अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, नपाध्यक्ष श्री मती लीला–फूलसिंह कुशवाह और जनपद अध्यक्ष श्रीमती राधा–जगदीश गुर्जर उपस्थित रहेंगी.

### इन वक्ताओं का होगा कल ब्यावरा आगमन

विचार मंथन के मुख्य वक्ता के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध पर्यावरणविद् 'जलपुरुष' डॉ राजेन्द्र सिंह के साथ ही तीन अन्य विद्वान वक्ता वरिष्ठ पत्रकार हृदयेश जोशी नई दिल्ली, पद्मश्री बाबूलाल दाहिया पिथौराबाद (सतना) मप्र, वरिष्ठ पत्रकार जय नागड़ा खण्डवा का ब्यावरा नगर आगमन हो रहा है.